तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025



14 विद्यार्थियों ने दी हिमाचली और तेलंगाना नृत्य की प्रस्तुति





14 व्रत रखने से इच्छाओं व इंद्रियों पर होता है नियंत्रण




## खबर संक्षेप

### पुलिस ने कैंटर से की 14 गाय बरामद, दो पकड़े

**पानीपत।** बाबरपुर ट्रैफिक थाना पुलिस टीम ने बुधवार शाम को जीटी रोड पर थाना के सामने चैकिंग के दौरान एक कैंटर से 14 गाय बरामद की है। गायों को कैंटर में भूखा, प्यासा ठूस ठूस कर भरा था और बॉडी को तिरपाल से ढका हुआ था। बरामद की सभी गायों को बरसत रोड स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में भेज दिया गया। आरोपी कैंटर चालक चालक प्रवीण पुत्र विजय रायराज निवासी गांव रायचोटी आंध्र प्रदेश व खलासी राजे शेखर पुत्र मालाया के खिलाफ केस दर्ज किया गया। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर किरण ने बताया कि आरोपियों के साथियों को पकडने के लिए दोनों को कोर्ट में पेश कर दस दिन के रिमांड पर लिया है।

### दस लाख रुपये की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस की टीम बिशन स्वरूप कॉलोनी निवासी युधिष्ठार से रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने मामले में फरार चल रहे गिरोह के तीसरे आरोपी प्रभजोत निवासी कुरूक्षेत्र को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि प्रभजोत ने पहले गिरफ्तार हो चुके अपने दो साथी आरोपियों रविंद्र व जितेंद्र उर्फ बबलू के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। इस मामले में थाना सिटी में केस दर्ज है।

### दुष्कर्म के दोषी को 40 साल का कारावास

**पानीपत।** एएसजे पीयूष शर्मा की फास्टट्रैक कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी विजय उर्फ नोनू निवासी कैथल को दोषी करार देते हुए 40 साल के कारावास की सजा दी और 40 हजार रुपए जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को चार साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि 22 अप्रैल सन-2023 को तहसील कैंप थाना पुलिस के क्षेत्र में किराये पर निवास कर रहे परिवार की बच्ची के साथ छत पर दुष्कर्म किया था। इधर, बच्ची की मां की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया और गिरफ्तार कर लिया।

### सीएम 31 को साइक्लोथॉन को देंगे हरी झंडी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान थीम को समर्पित राष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर 31 अगस्त को सुबह पुरुषोत्तमपुरा बाग में साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इस साइक्लोथॉन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अहम पहलू यह है कि अतिरिक्त उपायुक्त महावीर प्रसाद को साइक्लोथॉन कार्यक्रम के लिए ओवरआल इंचार्ज की ड्यूटी सौंपी गई है। उपायुक्त अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

## साढ़ौरा स्टेट हाइवे पानी से लबालब निकासी के नहीं किए पुख्ता प्रबंध

# जान जोखिम में डालकर गुजर रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पिछले कई दिनों से हो रही बरसात अब लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। शाहाबाद मारकंडा-साढौरा स्टेट हाईवे 4 पिछले करीब दस दिनों से बरसाती पानी से लबालब है।

खासकर महाराणा प्रताप चौक के समीप से होकर गुजरने वाले इस मार्ग पर पानी जमा हो जाने से सड़क के ऊपर से ही पानी बह रहा है। स्थिति यह है कि छोटे-बड़े वाहन चालक जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं। यमुनानगर, साढौरा, कालाअंब और अंबाला से जोड़ने वाला यह हाईवे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी जिलों के यात्रियों के लिए भी एक प्रमुख मार्ग है लेकिन बीते दिनों हुई भारी बरसात के बाद से सड़क पर निकासी व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। जलभराव की वजह से जहां सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। पानी के लगातार बहाव से डामर भी उखड़ने लगी है। इससे हादसे की आशंका और अधिक बढ़ गई है। रोजाना हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा खतरा बना हुआ है। सड़क पर पानी होने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और फिसलने का डर बना रहता है। यहां रहने वालों का कहना है कि हाइवे पर पानी जमा होने से न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है बल्कि आस-पास की दुकानों और मकानों में भी गंदा पानी घुसने लगा है। इससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी खतरे का भी अंदेशा है। बंसल पैलेस से गांव बराड़ा को जोड़ने वाली सड़क पिछले करीब 15 दिनों से वर्षा के पानी में डूबी हुई है। इसके कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग गांव बराड़ा के लोगों की मुख्य आवाजाही का साधन है लेकिन लगातार जलभराव के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए दैनिक जीवन भी दूभर हो गया है।सड़क के दोनों ओर बसे लोग गंदे और बदबूदार पानी से होकर आने-जाने को मजबूर हैं। वाहन चालक जहां कीचड़ और गहरे पानी के कारण अपनी गाड़ियां ले जाने में जोखिम महसूस कर रहे हैं वहीं पैदल चलने वाले लोग भी गंदे पानी से होकर गुजरने को विवश हैं। कई बार दोपहिया वाहन चालकों को सड़क पर बने गड्ढों में गिरने से चोट लगने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

- लगातार हो रही बरसात से कई सड़कों पर जलभराव, दुकानदारों का कारोबार ठप



शाहाबाद मारकंडा। बरसाती पानी से लबालब गांव की सड़क का हाल। *फोटो : हरिभूमि*

### स्थायी व्यवस्था नहीं



समाजसेवी निर्मल सिंह कहते हैं कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा। बार-बार शिकायत करने के बावजूद पानी निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं हो रही है। स्थानीय दुकानदारों को अपने व्यापार में नुकसान झेलना पड़ रहा है। राहगीर भी बेहद परेशान हैं।

### कागजों में समाधान



दुकानदार चांद राम का कहना है कि बरसाती मौसम में बार-बार यही समस्या उत्पन्न होती है। प्रशासन केवल कागजों में समाधान का दावा करता है। वास्तविकता यह है कि वाहन चालक और स्थानीय लोग रोजाना इस जलभराव से जूझने को मजबूर हैं। प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करे, ताकि बरसात के मौसम में आमजन को राहत मिल सके।

# धान की खरीद 15 सितंबर से शुरू करने की मांग



पिहोवा। तहसीलदार पूनम सोलंकी को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता।

- किसानों ने तहसीलदार को सौंपा मांगों का ज्ञापन
- मस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन की पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

धान सीजन के दौरान मंडी में नमी के नाम पर लगाए जाने वाले कट एवं अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन की किसान पंचायत अनाज मंडी में हुई।

पंचायत में निर्णय लिया गया कि इस बार किसान नमी के नाम पर कोई कट नहीं लगने देंगे। यदि ऐसा हुआ तो धरने प्रदर्शन और घेराव से पीछे नहीं हटा जाएगा। इसके बाद तहसीलदार पूनम सोलंकी को मौके पर बुलाकर सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन के प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने कहा सरकार की नीतियों के कारण किसान लगातार समस्याओं से जूझ रहा है। खाद की कालाबाजारी हो रही है। लेकिन अभी तक किसी विक्रेता के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### अधिकारियों को मौके पर ही खरी-खरी सुनाई

उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही खरी खरी सुनाते हुए कहा कि खाद विक्रेताओं की दुकान पर स्टॉक बोर्ड लगवाए जाएं ताकि किसानों को पुख्ता जानकारी मिल सके। मंडी में धान की फसल पहुंचते ही नमी के नाम पर कट लगाकर किसानों को लूटने का धंधा पिछले कई सालों से किया जा रहा है। किसान के हिस्से का पैसा इस बार किसी दूसरे की जेब में नहीं जाने देंगे। इसके साथ-साथ फिजी वायरस से हुए नुकसान की गिरदावरी करवारकर किसानों को जल्द मुआवजा दिया जाए। धान की खरीद 15 सितंबर से शुरू करने की मांग ज्ञापन के माध्यम से रखी गई।

# दंपत्ति ने व्यापारी को हनी ट्रैप में फंसाकर हड़पे 30 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर आरोपी दंपत्ति के खिलाफ किया केस दर्ज

यमुनानगर के प्रतापनगर में हनी ट्रैप का मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने अपने पति के साथ मिलकर व्यापारी को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ संबंध बनाए और उसका वीडियो बना लिया। बाद में आरोपियों ने व्यापारी को ब्लैकमेल कर उससे करीब 30 लाख रुपये हड़प लिए। परेशान होकर व्यापारी ने आरोपी दंपत्ति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

थाना प्रतापनगर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मोबाइल, इलैक्ट्रानिक्स व इलैक्टिकल का व्यापार करता है। उसने कस्बे में दुकान की हुई है। दिसंबर 2023 में आरोपी गांव खिजरी निवासी तन्जीम व उसका पति नुरसद दुकान पर सामान खरीदने आए। आरोपी नुरसद ने उसे कहा कि उसकी पत्नी तन्जीम को फाइनेंस कंपनी में नौकरी दिलवा दो। इसके बाद उसकी नुरसद के साथ फोन पर बात होने लगी। एक दिन आरोपी ने अपना इनवर्टर ठीक करवाने के लिए उसे अपने घर पर बुलाया। जब वह वहां गया तो आरोपी ने उसे चाय पीने के लिए दी। चाय पीते ही वह बेसुध हो गया। जिसके बाद आरोपी तन्जीम ने उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी नुरसद ने उसकी अश्लील वीडियो बनाई। इसके बाद आरोपियों ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने शुरू में उसे ब्लैकमेल कर दो लाख रुपये लिए। इसके बाद भी आरोपी उसे ब्लैकमेल कर पैसे हड़पते रहे और उसकी दुकान पर आकर बिना पैसे दिए सामान उठाकर ले जाते। व्यक्ति ने बताया कि आरोपियों ने उसे ब्लैकमेल करके करीब 30 लाख रुपये हड़प लिए। परेशान होकर उसने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी दंपत्ति के खिलाफ थ्री फाइव, 308 टू, 351 टू बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# जगाधरी की प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग


- दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के पुराना सहारनपुर रोड स्थित लीगो लैमिनेट प्लाईवुड फैक्ट्री में वीरवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस हादसे में फैक्ट्री की इमारत, मशीनरी और भारी मात्रा में रखा स्टॉक जलकर राख हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

फैक्ट्री संचालक संतीश चौपाल ने बताया कि उनकी लीगो लैमिनेट नाम से पुराना सहारनपुर रोड पर प्लाईवुड फैक्ट्री है।

उन्होंने बताया कि आज दोपहर करीब 2:30 बजे अचानक अज्ञात कारणों से फैक्ट्री में आग लग गई। उन्होंने बताया कि हमने तुरंत फायर सिस्टम चलाकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग इतनी तेज थी कि सबकुछ जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की करीब दर्जन भर गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पूरी बिल्डिंग, मशीनरी और स्टॉक आग की भेंट चढ़ चुका था। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में लाखों रुपये की अत्याधुनिक मशीनें लगी थीं और तैयार माल के अलावा कच्चा माल भी बड़ी मात्रा में रखा हुआ था। आग लगने से सबकुछ नष्ट हो गया है। चौपाल ने अनुमान जताया कि इस दुर्घटना में उनका नुकसान करोड़ों रुपये तक पहुंच सकता है।



यमुनानगर। जगाधरी के पुराना सहारनपुर रोड स्थित प्लाइवुड फैक्ट्री में लगी आग।

### कारणों की जांच जारी

वहीं, दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल दमकल विभाग ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है और फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित कर दिया गया है। आगजनी के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# गुरु नानक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 9 ट्रस्टियों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

- कष्ट निवारण समिति की मीटिंग से पहले पुलिस ने की कार्रवाई
- पुलिस बोली, पुख्ता सबूतों के आधार पर होगी कार्रवाई

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक से पहले ही पुलिस ने गुरू नानक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के नौ ट्रस्टियों पर 11.50 करोड़ की धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

इस मामले में कष्ट निवारण समिति की बैठक में हिसार की ओम वेलफेयर सोसायटी की ओर से आरेपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग हो रही थी। पिछले महीने समिति के अध्यक्ष एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के भी निर्देश दिए थे। अब जब वीरवार को समिति की दोबारा से बैठक होनी है तो पुलिस ने एक दिन पहले ही ट्रस्ट के पदाधिकारी त्रिलोचन सिंह, कमलजीत कौर, हरजिंदर सिंह, कमलजीत कौर, इशमिंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, राम कुमार, अनु जिंदल व विपिन कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी है। बता दें कि हिसार की ओम वेलफेयर सोसायटी के प्रेजिडेंट डॉ. पुनीत गोयल ने आरोप लगाया था कि गुरू नानक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 6 ट्रस्टियों ने 1 अप्रैल 2022 को उनके साथ किए गए एमओयू के तहत उनकी जमीन और देनदारियां लेने के बहाने धोखाधड़ी और बेईमानी की। आरोप है कि ट्रस्टियों ने 11 करोड़ 50 लाख रुपये का गबन किया। आरोपी, षड्यंत्र रचकर 7 से 9 लोगों के साथ मिलकर नए सदस्यों को शामिल करके बातचीत में संशोधन करते रहे हैं। आरोप है कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता को सूचित किए बिना ही अपनी संपत्ति तीसरे पक्ष को हस्तांतरित कर दी। पुलिस की माने तो पुख्ता सबूतों के आधार पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## कमेटी डालने के नाम पर हड़पे एक लाख 17 हजार रुपये

**यमुनानगर।** कमेटी डालने के नाम पर महिला व उसके परिवार को पांच सदस्यों से एक व्यक्ति ने एक लाख 17 हजार रुपये हड़प लिए। आरोप शहर की अमरपुरी कॉलोनी निवासी कुलवंत कुमार पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की अमरपुरी कॉलोनी निवासी सुमन लता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कॉलोनी का ही कुलवंत कुमार कमेटियां डालने का काम करता है। कुलवंत के पास उसने व परिवार के चार सदस्यों ने कमेटी डाली थी। एक बेटे की सात हजार रुपये प्रति माह और बाकी चार सदस्यों की एक हजार रुपये महीना कमेटी की किस्त थी। करीब 11 माह तक परिवार के पांचों लोगों ने किस्ते दीं। जो कुल राशि एक लाख 17 हजार रुपये है। कमेटी न निकलने पर उसने कुलवंत को सभी कमेटियां बंद करने के लिए कहा और अपने पैसे वापस मांगे। मगर आरोपी ने कमेटी के पैसे देने से मना कर दिया।

### पूर्व सैनिक को 14.30 लाख का चूना

**अंबाला।** ऑनलाइन व्यापार में मुनाफे का लालच देकर एक सेवानिवृत सैन्य कर्मी से 14 लाख 30 हजार 230 रुपये की ठगी हो गई। छावनी के 65 वर्षीय राजविंदर सिंह ने बताया कि 15 सितंबर 2024 को उनके मोबाइल पर एक लड़की की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई जो उन्होंने स्वीकार कर ली। तीन-चार दिन बाद लड़की ने एक लड़के का नंबर दिया और कहा कि वो ऑनलाइन व्यापार में पैसे लगवाता है। इससे मोटा मुनाफा मिलता है। जब उन्होंने अभी नाम के लड़के से बात की तो वो उसकी बातों में आ गए। उन्होंने खातों से 14 लाख 30 हजार 230 रुपये अभी के बताए खाते में डाल दिए। इसके बाद भी जब उन्होंने ओर 18 लाख की मांग तो उन्हें शक हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हो गई है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

# समस्याओं का शीघ्र किया जाएगा समाधान : राणा

- खुर्दी से दामला पुल का 20 दिन में टैंडर करवा दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से चंडीगढ़ में मिला। इस दौरान कृषि मंत्री को किसानों की समस्याओं से अवगत करवाया गया।

सुभाष गुर्जर ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने डीएपी खाद की कमी, गन्ने के दाम, किसानों से जुड़े अहम मुद्दे, रादौर से यमुनानगर टूटी सड़क बनाने को लेकर, पिछले तीन वर्ष से खुर्दी से दामला पुल टूटने आदि मुद्दे कृषि मंत्री के समक्ष रखे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने विश्वास दिलाया कि जो भी किसानों के मुद्दों पर आज बातचीत हुई उनका जल्दी ही समाधान किया जायेगा। मुख्यमन्त्री से मिलकर गन्ने के रेट व सड़क के बारे मे विस्तार से चर्चा की जाएगी। खुर्दी से दामला पुल का 20 दिन में टैंडर करवा दिया जाएगा। डीएपी कमी को लेकर मंत्री ने कहा कि इसी सप्ताह खाद का रैक लगेगा। जिसमें यमुनानगर जिले की हर पैक्स केन्द्र की डिमांड पर खाद भेज दिया जाएगा। खाद की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मौके पर यादविंद्र कांबोज, महेंद्र कांबोज, सुभाष हरतोल, अरविंद कांबोज, विनोद गुर्जर, यमन आदि मौजूद थे।



यमुनानगर से किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से चंडीगढ़ में बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### शुगर मिल पर चर्चा

कृषि मंत्री ने कहा कि शुगर मिल चलने से पहले शुगर मिल के अधिकारियों और किसानों की एक बैठक कराएंगे। जिसमें कृषि मंत्री खुद शामिल रहेंगे। जिसमें शुगर मिल से जुड़े किसानों के मुद्दों पर विशेष चर्चा की जाएगी। वह खुद किसान के बेटे हैं और वह खेती के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। किसान अपनी समस्या लेकर किसी भी समय कभी भी बिना बिचौलिए के उनसे मिल सकते हैं।

## मिर्जापुर और कैंथला खुर्द में जंगली जानवर होने की आशंका

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के गांव मिर्जापुर और कैंथला खुर्द के पास ग्रामीणों द्वारा एक जंगली जानवर देखा गया है। ग्रामीणों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि वह शेर था।

ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना तुरन्त पुलिस को की गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सारी स्थिति का जायजा लिया और वन विभाग को सूचित किया। मौके पर वन विभाग की टीम तथा पुलिस ने पहुंचकर आस-पास के इलाके को भी देखा। ग्रामीण महिला गुरमेलो, गुरमीतो, सुभाष तथा अन्य कईयों ने बताया कि जब उन्होंने जानवर को देखा तो उस समय वह कुछ खा रहा था। पुलिस, वन विभाग तथा ग्रामीण जानवर को ढूंढने में लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आस-पास के गांव में दहशत और डर का माहौल बना हुआ है।

- वन विभाग पुलिस और ग्रामीण जुटे तलाश में

# अवैध निर्माण को नगर परिषद ने किया सील

- दूसरे अवैध निर्माणों को लेकर भी जल्द नप की ओर से चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर परिषद ने अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में छावनी की डिफेंस कॉलोनी में निर्माणाधीन इमारत को नगर परिषद ने सील कर दिया, हालांकि कार्रवाई के दौरान मकान मालिकों ने विरोध भी किया लेकिन पुलिस ने मकान मालिकों को घर से बाहर निकालकर इमारत को सील करवाया।

इस मौके पर मौजूद नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिली थी कि डिफेंस कॉलोनी में अनधिकृत तरीके से मकान का निर्माण किया जा रहा है। पहले मकान मालिक को नोटिस देकर जवाब मांगा गया था लेकिन भू-मालिक ने कोई भी दस्तावेज नहीं जमा करवाया। मौके पर पहुंचकर भी भू-मालिक से जब नक्शे सहित अन्य दस्तावेज मांगे गए तो वो कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद मकान को सील कर दिया गया। नगर परिषद के सचिव ने बताया कि बाजार में भी अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की जा रही है, वहीं अवैध अतिक्रमण की भी सूची तैयार की जा रही है ताकि ऐसे निर्माण पर भी शिकंजा कसा जा सके। उन्होंने छावनी निवासियों को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का निर्माण बिना नक्शा पास न करवाएं, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी वहीं अवैध अतिक्रमण पर नजर रखने के लिए टीम का गठन भी किया गया है।

## खबर संक्षेप



### ब्लाक मीडिया संयोजक बनाने का किया स्वागत

**रादौर।** भाजपा की ओर से लाभ सिंह धौलरा को ब्लॉक मीडिया संयोजक बनाए जाने का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया है। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त ब्लॉक मीडिया संयोजक का मुंह मीठा करवाकर उनको बधाई दी। संदीप सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार में सैनी समाज को पूरा मान सम्मान दिया जा रहा है। नवनियुक्त ब्लॉक मीडिया संयोजक लाभ सिंह ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज का हार्दिक आभार प्रकट किया।

### गुगल पे पासवर्ड बदल अकाउंट से निकाले पैसे

**यमुनानगर।** रास्ते से मिले मोबाइल से व्यक्ति ने गुगल पे पासवर्ड बदल कर कैश सेंटर पर गुगल पे से क्यूआर कोड स्कैन कर अकाउंट से साढ़े 23 हजार रुपये निकाल लिए। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मोबाइल लोकेशन से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान सोनीपत के गोहाना के आर्यनगर निवासी कैलाश के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी से गुम हुआ मोबाइल व दस हजार रुपये की रिकवरी कर ली।

## जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन

# जियो-फेंसिंग के विरोध में उतरे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

### सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक सुनीं जाती हैं शिकायतें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम पीयूष गुप्ता व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

### शिविर में प्राप्त हुई 16 शिकायते

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 16 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें बरसान निवासी सुभाष चंद ने रेट से ज्यादा का सामान बेचने बारे, जगाधरी के हुड्डा सैक्टर-17 जगाधरी निवासी नेहा गर्ग ने बरसात का पानी भरने बारे, हुड्डा सैक्टर 17 जगाधरी निवासी गोकुल प्रसाद ने सामुदायिक केन्द्र के बुकिंग के रुपये न मिलने बारे, दड़वा निवासी विजय कुमार ने डेयरी फार्म की जगह ज्यादा दिखाने बारे, यमुनानगर निवासी अक्षय कुमार,भगवानगढ़ निवासी सुभाष चंद, जगाधरी निवासी रोशन अली व लाल छप्पर निवासी जमशेर सिंह ने प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने बारे, रायपुर निवासी रेखा रानी ने गलियों में पानी भरने बारे समस्या रखी। साढौरा निवासी गीता ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने बारे, यमुनानगर निवासी रिधित अहलावत ने रुपयों की धोखाधड़ी बारे, जगाधरी निवासी मोहिन्द्र तनेजा ने प्लाट को अवैध दिखाने बारे, बूडियाा निवासी सुभाष चंद ने शिक्षा विभाग के द्वारा बकाया राशि न मिलने बारे, जड़ौदा निवासी संदीप कुमार ने बिजली की 11 केवी की लाईन लगवाने बारे समस्या रखी।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित टास्क फोर्स कमेटी के सदस्यों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। **फोटो : हरिभूमि**

# अवैध खनन रोकने के लिए अधिकारी समूचित करें उपाय

- जिला सचिवालय में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में खनन रोकने के लिए लघु सचिवालय में जिला टास्क फोर्स कमेटी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार ने जिला में खनन से संबंधित गतिविधियों के बारे व जानकारी दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला के सभी उपमंडल के उपमंडलाधीशों को अपने अपने अधिकृत क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम, निगरानी बाबत खनिज विभाग से तालमेल रखते हुए निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला वन अधिकारी को वन क्षेत्र के अन्तर्गत अवैध खनन की पूर्ण निगरानी एवं कानूनी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में जल सेवाएं मंडल विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि जिला में नदियों एवं नहरों से संबंधित अपने अधिकृत क्षेत्र से अवैध खनन की रोकथाम हेतु निगरानी एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### 60 वाहन पकड़े

जिला खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार ने बैठक में बताया कि गत जुलाई व अगस्त माह के दौरान जिला में संचालित खनिज खानों एवं अवैध खनन में पकड़े गए वाहनों के माध्यम से 15 करोड़ 94 लाख 69 हजार 111 रुपये बतौर राजस्व प्राप्त हुआ। इस दौरान जिला प्रशासन के सहयोग से खनन विभाग द्वारा 60 खनिज वाहन पकड़े गए। वहीं, अवैध खनन करने वाले भूमि मालिकों के खिलाफ 11 मामले दर्ज किए गए। जबकि 33 स्टोन क्रेशरों को अवैध खनन का खनिज खरीदने के जुर्म में राजस्व की वसूली बाबत विभागीय कानूनी कार्रवाई की गई। मौके पर बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, माइनिंग ऑफिसर राजेश शेखावत, जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# मंत्र पाठ ने सभी का मनमोहा

- मंत्रों के माध्यम से बच्चों ने की ईश्वर स्तुति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में वीरवार को वेद प्रचार सप्ताह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसके अंतर्गत स्कूल के प्रांगण में चतुर्वेदी शतक परायण यज्ञ, आर्य समाज के नियम, ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना, आओ सत्यार्थ प्रकाश के महत्व को जाने जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा के सरंक्षण में कक्षा नौवीं के छात्रों द्वारा विश्व कल्याण हेतु विशेष यज्ञ किया गया। यज्ञ में विद्यालय के छात्रों द्वारा आहुति डाली गई व कक्षा सातवीं की छात्राओं लवशिका, खुशी, गायत्री, सीरत, अंशिका, परिधि, लविका, ध्रुवी, दीक्षु द्वारा ईश्वर स्तुति की गई। रमन कुमार शर्मा ने बताया कि स्कूल के प्रांगण में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के तत्वाधान में वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आर्य समाज के नियम व वैदिक मंत्रोच्चारण जैसी विभिन्न गतिविधियां की गई। इन वैदिक गतिविधियों में बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बच्चों द्वारा किए गए मंत्र पाठ ने सभी का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की एक अनोखी धरोहर हैं।




**यमुनानगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। **फोटो : हरिभूमि**

# चोरों ने फिश एंड मीट स्टोर का लॉकर तोड़कर चुराई नकदी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के मॉडल टाउन में डीएवी डेंटल कॉलेज रोड स्थित फिश एंड मीट स्टोर से लॉकर तोड़कर चोरों ने 36 हजार 874 रुपये की नकदी चोरी कर ली। सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर स्टोर के बाहर एक व्यक्ति घूमता मिला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के गांव लंडोरा निवासी रविंद्र कुमार राठी ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका मॉडल टाउन में डीएवी डेंटल कॉलेज रोड स्थित फिश एंड मीट स्टोर है। 24 अगस्त की रात को नौ बजे वह स्टोर बंद कर घर लौट गया था।

### सिलेंडर चोरी

वहीं गांव मलिकपुर बांगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य हरजिंद्र सिंह ने बताया कि 26 अगस्त की रात में चोरों ने स्कूल में मिड डे मील किचन से दो भरे हुए सिलेंडर, एक क्विंटल चावल व अन्य खाद्य सामग्री चोरी कर ली। सुबह जब वह स्कूल में पहुंचे तो चोरी का पता चला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# गणपति जी दयालु देवः मुकेश शास्त्री

- विशेष प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के एमडी मुकेश शास्त्री ने स्कूल प्रांगण में गणपति जी की प्रतिमा स्थापित की।

मुकेश शास्त्री ने बताया कि आज पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। दक्षिण भारत में तो यह त्यौहार और भी जोरों शोरों से मनाया जाता है। लेकिन अब उत्तर भारत भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने बताया कि गणपति जी 10 दिन के लिए आते हैं और अपना आशीर्वाद सभी भक्तों को देते हैं। इन 10 दिनों में गणपति जी का अलग-अलग श्रृंगार किया जाता है। गणपति जी बहुत ही दयालु देव हैं व शुभ लाभ प्रदान करने वाले हैं। उन्हीं की कृपा से मनुष्य को धन-धन्य वैभव की प्राप्ति होती है।

**ये रहे मौजूदः** मौके पर रूबी कांबोज, हिमांशु शर्मा, अखिल कांबोज, पूनम, पूजा, मीनाक्षी, परमजीत, शोभा, निशा, मनीषा, ममता आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** जनता पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य। **फोटो : हरिभूमि**

# सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर बसपा करेगी प्रदर्शन

**यमुनानगर।** हरियाणा की भाजाप सरकार की जनविरोधी नीतियों व ज्वलंत समस्याओं को लेकर बहुजन समाज पार्टी एक सितंबर को जिला सचिवालय के समक्ष रोष प्रदर्शन करेगी। रोष प्रदर्शन में प्रदेशस्तरीय नेताओं समेत स्थानीय हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। उक्त दावा बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने वीरवार को कैंप स्थित कार्यालय में बातचीत करते हुए जताया।

बसपा से पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी (हरियाणा) ने प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियों और जनता की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। पार्टी ने घोषणा की है कि एक सितंबर को यमुनानगर के जिला सचिवालय के समक्ष जोरदार रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस रोष प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बढ़ते अपराध, दलित व पिछड़े समाज पर हो रहे अत्याचार, पुलिस की लापरवाही, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी व परीक्षाओं में हो रही धांधली का विरोध करना है।



बढ़ते अपराध, दलित व पिछड़े समाज पर हो रहे अत्याचार को लेकर किया जाएगा प्रदर्शन

पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह।

# नैतिक ने जैवलिन थ्रो में जीता स्वर्ण पदक

- स्टार वे सीसे स्कूल खुर्दी के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ हैंडबाल प्रतियोगिता में लिया भाग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी के खिलाड़ियों ने पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयजित राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ में स्वर्ण पदक समेत कई पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ियों के विद्यालय में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन समिति की चेयरपर्सन स्नेहलता व प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने जोरदार स्वागत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि गत दिवस पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्यस्तरीय खेल महाकूंभ का आयोजन किया गया। जिसमें उनके विद्यालय के खिलाड़ियों ने भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि खेल महाकूंभ में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उनके स्कूल के लड़कों के अंडर 14 आयु वर्ग में डिस्कस थ्रो में आदित्य ने रजत पदक जीता। वहीं, केशव व प्रियांशु ने कांस्य पदक जीता। वहीं, शॉटपुट प्रतियोगिता में केशव ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि 600 मीटर रेस में गुरुपुष्प ने रजत पदक जीता। इसी तरह लड़कों के अंडर 17 वर्ग की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में नैतिक कंबोज ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। वहीं, इसी प्रतियोगिता में निशांत ने रजत पदक, मन्नू ने हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। डिस्कस थ्रो में मन्नू रजत पदक जीतने में सफल रहा।



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विजेता खिलाड़ियों को स्वागत करते हुए स्कूल की प्रधानाार्या व स्टाफ सदस्य।

# रास्ता रोककर खनन कारोबारी को कॉल कर मांगी रंगदारी

- पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

**यमुनानगर।** गुमथला राव के खनन कारोबारी वीरभान वधवा के मोबाइल पर कॉल कर उससे रंगदारी मांगी गई। इस दौरान बदामाशों ने उसकी कार को रास्ते में रोककर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार वीरभान वधवा ने प्रतापनगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी जेएसएम फूडस प्राइवेट मंडौली गागड, आरएम माइंस नारायणगढ़ व बालाजी जयरामपुर जगीर में खनन साइटें हैं। वर्ष 2020 में उनके भतीजे कांग्रेस नेता मनोज वधवा के मोबाइल पर काला राणा ने काल कर रंगदारी मांगी। जिस संबंध में सेक्टर 17 थाना में केस दर्ज है। यह धमकी खनन कारोबार को लेकर दी गई। उस समय उसने भी पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की गुहार लगाई थी। जिस पर उसे सुरक्षा मुहैया करवाई गई। मगर जनवरी 2024 में उससे सुरक्षा वापस ले ली गई। वीरभान ने बताया कि 13 अगस्त को वह बीकेडी रोड से प्रतापनगर जा रहा था। जब वह गांव देवधर के पास पहुंचा। तभी बिना नंबर प्लेट की कारों ने पीछा करना शुरू कर दिया। दो कारें उसकी कार के बराबर में खड़ी हो गई। जबकि एक कार ने उसका रास्ता रोक लिया।

# स्वस्थ जीवनशैली अपना कर रोगों से कर सकते हैं बचावः डॉ. कपिल

- जिला स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल कुमार ने राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अतंर्गत 17 सितंबर से 25 दिसंबर तक सौ दिवसीय स्वस्थ जन अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान के तहत लोगों में गैर संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग,कैंसर, मोटापा, अस्थमा और अन्य पुरानी बीमारियों की समय पर पहचान कर उनकी रोकथाम एवं इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त जानकारी अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल कुमार ने दी।

### टास्क फोर्स का गठन होगा

स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल कुमार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच करना। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मुख, स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की स्क्रीनिंग करना, शरीर में होने वाले रोगों की समय पर पहचान कर रोगी को आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध करवाना व लोगों मे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों के तहत जिला एवं ब्लॉक स्तर पर टास्क फोर्स का गठन करना, आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पात्र व्यक्तियों के घर घर पहुंचकर संपर्क एवं मोबिलाइजेशन करना, सभी स्वास्थ्य संस्थानों,उप स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी एवं जिला अस्पतालों में नियमित ओपीडी के दौरान स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन करना है। डॉ. कपिल कुमार ने बताया कि इसी प्रकार संदिग्ध,पॉजिटिव पाए गए मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थान मे रेफरल एवं टेली कंसल्टेशन की सुविधा प्रदान करना, सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना है।

**कार्यशाला** सुढ़ैल के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में नेशनल स्पेश डे पर कार्यशाला हुई

# इसरो स्पेस ट्यूटर्स ने विद्यार्थियों को रॉकेट विज्ञान के सिद्धांतों का दिया ज्ञान

इसरो स्पेस ट्यूटर्स सौरभ कौशल, सचिन शर्मा व दोहित कुमार ने भाग लिया

- प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कार्यशाला का किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

गांव सुढ़ैल स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में वीरवार को नेशनल स्पेस डे पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में इसरो स्पेस ट्यूटर्स सौरभ कौशल, सचिन शर्मा,दोहित कुमार व रवि कुमार ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को रॉकेट विज्ञान के सिद्धांतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विकास शर्मा व प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने किया। मुख्य वक्ता सौरभ कौशल, सचिन शर्मा, दोहित कुमार व रवि कुमार ने कार्यशाला में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष, रोबोटिक्स और स्टेम तकनीक से संबंधित नवीनतम जानकारियां प्रदान की। मौके पर विद्यार्थियों ने स्वयं एक सैटेलाइट मॉडल तैयार किया और उसकी कार्यप्रणाली को समझा। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से अपने अनेक प्रश्न पूछकर अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं को चित्रित करते हुए पोस्टकार्ड तैयार किए। इन पोस्टकाड्र्स को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और वापसी पर यह बच्चों के लिए जीवनभर का अनमोल स्मृति चिन्ह बनेंगे। कार्यशाला में जिला विज्ञान विशेषज्ञ विशाल सिंगला ने विद्यार्थियों को रॉकेट विज्ञान के सिद्धांतों की सरल और रोचक व्याख्या दी तथा सिद्धांतों को समझाने के लिए एक हाइड्रो रॉकेट का प्रदर्शन किया। सभी विद्यार्थियों को स्वयं रॉकेट लॉन्च करने का अवसर मिला। प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करते हैं।



**यमुनानगर।** सुढ़ैल स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में राकेट लांच करते हुए विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप

### डा. शकुंतला शर्मा की शोक सभा आज



**कुरुक्षेत्र।** धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र ही नही अपितु पूरे हरियाणा प्रांत भर में बतौर सेविका, मीडिया फ्रेंडली, संघ व भाजपा से ताउम्र जुड़ी रही व राष्ट्रीय कवि स्व. डा. शकुंतला शर्मा की शोक सभा आज 29 अगस्त दिन शुक्रवार को सैनी समाज धर्मशाला में दोपहर दो से तीन बजे के बीच होगी। उनके पुत्र रजनीश, दिनेश व राकेश ने बताया कि शोक सभा से पूर्व सैनी समाज धर्मशाला में ही दोपहर 12 बजे से लेकर एक बजे तक ब्रह्मभोज का भी आयोजन किया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 13 सितंबर 2025 को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते है।

### ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**लाडवा।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली ने वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विधानसभा क्षेत्र के गांव बपदी व बदरपुर में स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और अपने-अपने घर व आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाने के लिए प्रेरित किया। विभाग की टीम ने ग्रामीणों को इस अभियान की जानकारी दी और उन्हें स्वच्छता के साथ जोड़ा। आमजन को स्वच्छता को लेकर भजन व गीतों के माध्यम से लाभ-हानि बताते हुए जागरूक भी किया।

### रामलीला ग्राउंड में रामलीला 18 सितंबर से

**लाडवा।** शहर की मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा इस बार भी रामलीला का आयोजन किया जाएगा। रामलीला को यादगार रामलीला बनाने के लिए रामलीला में कार्य करने वाले कलाकार लगातार रामलीला की रिहर्सल कर रहे। बुधवार रात्रि को भी कलाकारों द्वारा रामलीला की रिहर्सल की। यह जानकारी समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने दी।

### शिविर में जांचा 55 सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य

**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के लिए सेक्टर-8 के कम्यूनिटी सेंटर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का संचालन शिव शक्ति मंदिर सेक्टर-7 के संचालक रमेश कुमार गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिविर में पहुंचे नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है।

## शहरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से मिलेगी निजात

# कुरुक्षेत्र रिंग रोड की जल्द तैयार होगी डिटेल प्रोजैक्ट रिपोर्ट : सुधा

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार डीपीआर के लिए एजेंसी की टेंडर प्रक्रिया पूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र रिंग रोड व बाईपास परियोजना की जल्द डिटेल प्रोजैक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी। इस रिंग रोड के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए सरकार की तरफ से जल्द ही एजेंसी हायर करने की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस एजेंसी द्वारा डीपीआर जल्द तैयार कर ली जाएगी। इस प्रोजैक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार तेज गति के साथ पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी बातचीत की है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र व लाडवा के नागरिकों को ट्रैफिक जाम व सडक दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं से निजात दिलवाने के लिए रिंग रोड और बाईपास की मांग लम्बे अरसे से की जा रही है। यह रिंग रोड कुरुक्षेत्र और लाडवा के लिए किसी जीवन रेखा से कम नहीं होगा। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पदभार संभालते ही कुरुक्षेत्र व लाडवा रिंग रोड व बाईपास प्रोजैक्ट को लेकर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बातचीत की थी। इससे पहले भी इस प्रोजैक्ट को लेकर सरकार पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ही विशेष प्रयासों से इस प्रोजैक्ट के लिए तीन गुणा तेज गति के साथ कार्रवाई की जा रही है। सरकार के आदेशानुसार राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रोजैक्ट मैनेजर अंबाला डिविजन द्वारा कुरुक्षेत्र व लाडवा शहर के लिए रिंग रोड और बाईपास प्रोजैक्ट की डीपीआर बनवाने के लिए एक एजेंसी हायर करने का टेंडर हो चुका है।



**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### हैवी ट्रैफिक बाहर से डाइर्वट होगा

सुभाष सुधा ने पिहोवा, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर हाइवे के साथ-साथ कुरुक्षेत्र बाइपास जोकि एनएच 152 पिहोवा से शुरू होगा यह एमडीआर 119 और एनएच 44 तथा एनएच 344 यमुनानगर जिले को जोडेगा। इस क्षेत्र के लिए डिटेल प्रोजैक्ट रिपोर्ट तैयार होगी। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि एनएचएआई की तरफ से जल्द ही एजेंसी द्वारा जल्द डीपीआर तैयार कर ली जाएगी। इस डीपीआर के बाद जमीन का अधीग्रहण होगा और उसके बाद रिंग रोड बाईपास बनाने की योजना को एनएचएआई की तरफ से अमलीजामा पहना दिया जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद कुरुक्षेत्र और लाडवा का सारा हैवी ट्रैफिक बाहर से डाइर्वट हो जाएगा और शहरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी और सडक दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लग पाएगा।

# सीएम ने महिलाओं को 2100 रुपये देने की घोषणा पर लिया बड़ा फैसला : सुधा

**पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती से होगा शुभारंभ**

- योजना में 1 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों में 23 वर्ष से ज्यादा उम्र की महिलाओं को शामिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चुनावों के दौरान सरकार के संकल्प पत्र में शामिल महिलाओं को 2100 रुपए देने की घोषणा पर बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने इस वायदे को पूरा करते हुए महिलाओं के सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लेने से साथ सहायता जारी करने का समय भी निर्धारित कर दिया है। इस योजना का पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर 2025 को शुभारम्भ होगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि योजना का लाभ 23 वर्ष या उससे अधिक आयु की सभी महिलाओं (विवाहित और अविवाहित) को मिलेगा। योजना के अंतर्गत 1 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों को शामिल किया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए अविवाहित आवेदिका का या विवाहित आवेदिका के पति का हरियाणा में पिछले 15 साल से निवासी होना आवश्यक होगा। योजना के तहत एक परिवार में महिलाओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। यदि एक परिवार में 3 पात्र महिलाएं हैं, तो उन तीनों महिलाओं को लाभ मिलेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि साथ ही सरकार ने फैसला लिया कि जो स्टेज 3 और 4 कैंसर पीड़ति मरीजों, सूचीबद्ध 54 दुर्लभ बीमारियों और हीमोफिलिया, थैलेसिमिया और सिकल सेल से पीड़ति जिन आवेदिकाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है, उन्हें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा।

### केयू कुलसचिव डॉ. वीरेंदर पाल को मिला उन्नत भारत सेवाश्री शिक्षा रत्न सम्मान



**कुरुक्षेत्र।** देश की दो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलसचिव डॉ. वीरेंदर पाल एवं डॉ. विजय कुमार को नई दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित 25वें उन्नत भारत सेवाश्री सम्मान समारोह में शिक्षा रत्न पुरस्कार से नवाजा गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंदर पाल एवं गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार को यह सम्मान उच्च शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं पारदर्शी प्रशासनिक नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया। दोनों कुलसचिव का चयन राष्ट्रीय समिति द्वारा वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक एवं अखिल नाथ के संयुक्त प्रस्ताव के आधार पर किया गया था। उन्नत भारत संगठन तथा माता मन्तारी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की 25 विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुषमा नाथ ने की। इस अवसर पर संरक्षक पद्मश्री विजय कुमार चोपड़ा, वशिष्ठ अतिथि महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि जी महाराज आदि मौजूद रहे।



### मुरथल क्षेत्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर शीघ्र लगाया जाएगा : डॉ संजय शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** आरोग्य जन कल्याण संस्था द्वारा शीघ्र ही मुरथल क्षेत्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों व ढाबों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को विशेषज्ञ परामर्श और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यह जानकारी संस्था के निदेशक, आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं चिकित्सा शिविर एक्सपर्ट डॉ. संजय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि मुरथल के 55 से अधिक ढाबा व होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ उनकी एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी बैठक हुई है, जिसमें उन्हें मुरथल में हेल्थ चेकअप एवं जागरूकता कैंप आयोजित करने हेतु आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में क्षेत्र के छह सुप्रसिद्ध ढाबों रेशम ढाबा, हवाई अड्डा, 70 माइल्स, हवेली, 6 ढाबों के मालिक रेशम सिंह, झिलमिल ढाबा के मालिक एवं एसोसिएशन के प्रधान मनीष मलिक, उद्योगपति रामकुमार सैनी, डॉ. संजय शर्मा, राजेंद्र शर्मा हेल्थ इंडस्ट्री चंडीगढ़ तथा एन.के. मल्होत्रा कुरुक्षेत्र शामिल रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही मुरथल क्षेत्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों व ढाबों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ग्रुप बी से 5 टीमें जोनल स्तर के लिए चयनित

- प्रतियोगिता में जिले के कुल 29 विद्यालयों ने सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद, पंचकूला के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी से सम्बद्ध विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिले के कुल 29 विद्यालयों ने सहभागिता की। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए पांच टीमों का चयन किया गया है जिसमें पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिहोवा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाडवा, गुरुनानक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कमोदा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, किरमच शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने चयनित टीमों को बधाई दी। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि जोनल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 20,000 तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 12000 रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाती है।




### अर्बन इस्टेट वेलफेयर सोसायटी चुनाव, सचिन गुप्ता एडवोकेट पैनल ने घोषणा पत्र किया जारी

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर पांच अर्बन इस्टेट वेलफेयर सोसायटी के चुनाव में सचिन गुप्ता एडवोकेट के पैनल ने 31 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया है। प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे सचिन गुप्ता एडवोकेट ने घोषणा पत्र जारी करते हुए बताया कि उन्होंने घोषणा पत्र में जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से रखा है। उन्होंने घोषणा पत्र में कहा है कि सेक्टर के सभी पार्कों का समुचित रखरखाव रखा जाएगा। सेक्टर के अंतर्गत दोनों वार्डों के तीनों पार्षदों के सहयोग से सेक्टर के विकास कार्यों में राशि प्रदान करवाााना, वेलफेयर सोसायटी की सदस्यता ग्रहण करने की प्रक्रिया को आसान करना, बेसहारा पशुओं से मुक्ति हेतु प्रयास, सभी मुख्य सडकों पर चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए चारों तरफ गेट लगवाने का प्रयास, प्रति माह कार्यकारिणी का तथा हर छह महीने में आम सभा का आयोजन करना, मंदिर के हाल के प्रथम तल का निर्माण, डिस्पेंसरी एवं पुस्तकालय की व्यवस्था तथा प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करना,सेक्टर में चरमराई सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाना, खाली पड़े प्लाटों में डाले जाने वाली गंदगी को हटवाने का प्रयास करना, ग्रीन बेल्ट में फेसिंग लगवाकर सौंदर्यीकरण तथा बरसात के पानी की निकासी का उचित प्रबंध करवाना है। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य

# जिला स्तरीय एथलेटिक गेम्स में छाए सतलुज स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एथलेटिक गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। प्राचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया की स्कूल के दो विद्यार्थियों ने कुरूक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में अंडर 19 जिला स्तरीय खेल में विभिन्न प्रतियोगितायें जीती जिसमें श्वेता ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक और सिमरन ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त करके रजत पदक प्राप्त किया और राज्य स्तरीय गेम्स में प्रवेश किया। प्राचार्य ने जीते हुए विद्यार्थियों को अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्कूल के डी. पी. मनदीप, और अंजना को इस सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, उप-प्रधानाचार्य सतबीर सिंह, नीलम, दीपिका, अनु शर्मा, ललिता आदि स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

### शिवानी बनी इनेलो की शहरी प्रधान

**लाडवा।** इनेलो की महिला कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक वीरवार को लाडवा मंडी में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेंद्र कौर द्वारा की गई। बैठक में पार्टी के महिला संगठन को और अधिक मजबूत बनाने सहित पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने व 25 सितम्बर को रोहतक में होने वाली ताऊ देवी लाल जयंती समारोह को सफल बनाने पर भी चर्चा की गई कि किस प्रकार समारोह में महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक बढ़ाई जा सके। बैठक में जिला प्रधान सुरेंद्र कौर ने इनैलो के शहरी प्रधान एवं व्यापार सैल के जिलाध्यक्ष स्वीटी भुल्लर की अध्यक्षता में हरियाणा इनैलो महिला प्रभारी सुनैना चौटाला, महिला प्रदेशाध्यक्ष तनूजा कश्यप एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी से विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से शिवानी लाडवा को लाडवा महिला शहरी प्रधान नियुक्त किया गया।

# नागरिकों को संकल्प लेकर हर सप्ताह करना होगा एक घंटे का श्रमदान : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- स्वच्छ शहर बनाने के लिए अभियान के साथ जुड़ने की अपील



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के एक-एक नागरिक को संकल्प लेकर हर सप्ताह एक घंटे का श्रमदान करना होगा। इस शहर को देश का नंबर वन स्वच्छ शहर बनाने के लिए अभियान के साथ जुड़ना होगा। जब एक-एक नागरिक गंदगी को डस्टबिन में डालेगा तो निश्चित ही शहर साफ व स्वच्छ नजर आएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को लघु सचिवालय में जिला नगर आयुक्त की तरफ से आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ स्वच्छता योद्धाओं को स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान, हर गली, हर माहौल्ला, हर मकान, हर संस्थान, स्वच्छ हरियाणा की पहचान की शपथ भी दिलवाई। इस संकल्प के बाद उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, डीएमसी अमन कुमार, नगराधीश आशीष कुमार, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वच्छता योद्धाओं ने लघु सचिवालय के परिसर,कोर्ट परिसर आदि स्थलों से कचरा उठाने के लिए 2 घंटे का श्रमदान किया।



### मेकिंग इंडिया फिट नेशन कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारा में गुरुवार को विकसित भारत 2047 मुहिम के तहत मेकिंग इंडिया फिट नेशन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बच्चों ने आयोजन के दौरान जहाँ फिटनेस सैशन में विभिन्न योगों व आसनों के माध्यम से शारिरिक दक्षताओं का प्रदर्शन किया वहीं विकसित भारत के संकल्प में फिट इंडिया मुहिम की भूमिका पर डिक्लेमशन प्रतियोगिता में भाग लिया। डिक्लेमशन में दसवीं कक्षा के छात्र लोकेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनसीसी केडटस ने फिटनेस वीडियो के माध्यम से स्वास्थ्य व स्वस्थ जीवन शैली के लाभों के प्रचार किया। स्कूल प्रिंसीपल प्रवीण कुमारी ने मास योगा सैशन का अवलोकन किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने बारे छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मन के निवास होने की अवधारणा भारतीय जीवन शैली का वैदिक काल से ही अंग रहा है। उन्होने कहा कि विद्यर्थियों विशेषकर एनसीसी कैडेट्स का यह दायित्व बनता है कि वे स्वंय तो अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे हीं, अपने सामाजिक कर्तव्यों का पालन करते हुए स्वस्थ भारत व स्वच्छ भारत के प्रति जागरूकता पैदा करें।

**खेल** | राज्य स्तरीय विद्या भारती खेल प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

# गीता निकेतन विद्यालय के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 36वां राज्य स्तरीय विद्या भारती खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने बैडमिंटन, शतरंज, कराटे, ताइक्वांडो, वुशु, कुश्ती, योग, वॉलीबॉल, फुटबॉल,हैंडबाल, टेबल टेनिस, स्विमिंग, स्केटिंग, एथलेटिक्स,निशानेबाजी तथा तीरंदाजी जैसी प्रतियोगिताओं में स्वर्ण,रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। शिक्षा भारती, रामनगर, रोहतक में आयोजित बैडमिंटन अंडर 14, 17 व 19 तीनों वर्ग में स्वर्ण पदक। शतरंज अंडर 14 में स्वर्ण अंडर 17 व 19 में रजत पदक। कराटे अंडर 14 में कृथार्थ, पार्थ, वेदांश, निशांत ने स्वर्ण व अंशुमन व विक्रमादित्य ने रजत पदक। कराटे अंडर 17 में दक्ष, कपिश, आदर्श, सहदेव, आयुष व तमन्ना ने स्वर्ण, अंडर 19 में वंशु को स्वर्णपदक। ताइक्वांडो अंडर 14 में कनिष्क, अक्षित, नित्यम, अर्थ व याशी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वुशु खेल में समरजोत गिल व उपासना ने स्वर्ण, कुश्ती में सात्विक व गुर्शित ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। योग अंडर 17 टीम ने रजत पदक के साथ आर्टिस्टिक योग में नवल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अलावा एस.एम.बी. गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल अंडर 17 व 19, फुटबॉल अंडर 17 व 19,हैंडबॉल अंडर 17, टेबल टेनिस अंडर 14, स्विमिंग गृशम, अंडर 17, स्केटिंग तानित व कुनाल, अंडर 17 ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया । बास्केटबॉल अंडर 17, हॉकी अंडर 17, हैंडबॉल अंडर14, व 19 ने रजत पदक प्राप्त किया। एथलेटिक्स राज्य स्तरीय प्रतियोगिता गोपाल विद्या मंदिर, जींद में आयोजित हुई जिसमें खिलाड़ियों ने दौड़, बाधा दौड़, रिले, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, जैवलिन थ्रो व हैमर थ्रो जैसी स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया।



**कुरुक्षेत्र।** स्कूल के विजेता खिलाड़ी।

### भुवनेश ने डिस्कस थ्रो व लंबी कूद में जीता स्वर्ण

अंडर 17 बालक वर्ग में चेतन 400 मी. हर्डल में स्वर्ण पदक लंबी कूद में रजत, अर्णव 110 मी. हर्डल में कांस्य, रिले में स्वर्ण , मयंक जैवलिन में रजत, हैमर थ्रो में कांस्य, प्रतीक 100 व 200 मीटर दौड़ में कांस्य, रिले में स्वर्ण , सुमित 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर 19 बालक वर्ग में भुवनेश 200 मीटर दौड़ तथा डिस्कस थ्रो व लंबी कूद में स्वर्ण पदक के साथ सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित हुआ। हैमर थ्रो में संयम ने स्वर्ण , निखिल ने 110 मी. हर्डल व रिले में रजत , प्रिंस ने 800 मीटर दौड़ में कांस्य, 4 गुणा 400 रिले में रजत, इंदेश ने हाई जम्प में कांस्य , सागर ने शॉटपुट में कांस्य, अतुल व निखिल ने रिले में रजत पदक प्राप्त किया। विद्यालय के संपर्क अधिकारी तेजबीर सिंह ने बताया कि गीता निकेतन में संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ साथ विभिन्न खेलों में भी दक्षता हासिल करने के लिए शारीरिक आचार्य किशोर सिंह चौहान के मार्गदर्शन में शारीरिक आचार्यों की एक टीम लगातार खिलाड़ी भैया बहनों को निरंतर खेलों का अभ्यास करवाते हैं जिस कारण उत्तम परिणाम आता है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त सभी खिलाड़ी 36 वीं क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विद्यालय प्रबंध समिति, प्राचार्य शिक्षकों व प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यालय ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी खिलाड़ी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मीटिंग 29 को

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 29 अगस्त को प्रातः 9.30 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडक़े) विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी नगराधीश अभिषेक गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि मीटिंग की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। इसमें रखी जाने वाली शिकायतें भी सूचीबद्ध हो गई हैं।

### रात्रि ठहराव कार्यक्रम 29 को

**अंबाला।** शहजादपुर खंड के गांव धनाना के सामुदायिक केंद्र में 29 अगस्त को सांय 5.00 बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने का काम करेंगे। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इसमें आसपास के गांव के लोग भी अपनी समस्याएं रख पाएंगे। सभी समस्याओं पर सुनवाई होगी

### नगराधीश ने लोगों की सुनीं समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि सभी अधिकारी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें तय समय सीमा मे जल्द निपटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिविर लगाने का उदेश्य लोगों की समस्याओं का एक जगह पर ही जल्द समाधान सुनिश्चित करना है।

### फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित होगी

**अंबाला।** जिला खेल अधिकारी राजबीर सिंह रंगा ने बताया कि मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस को भव्य रूप से करवाने जाने हेतू कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार निम्नलिखित खेल गतिविधियों का आयोजन करवाया जाना है। 29 अगस्त 2025 को सांयः 05:00 बजे वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम, अंबाला छावनी में फुटबाल मैच की प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी। 30 अगस्त 2025 को प्रातः 6 बजे वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में मैराथन होगी।

### हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**बराड़ा।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा में बुधवार को खंड स्तरीय हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी बराड़ा जगदीश मेहरा की अध्यक्षता में सम्पन्न इस कार्यक्रम में खंड के विभिन्न विद्यालयों से आए 192 विद्यार्थियों ने कविता पाठ, निबंध, भाषण, व्याकरण प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन, दृश्य वर्णन व कहानी लेखन जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन निर्णायक मंडल और एबीआरसी टीम ने किया। प्रधानाचार्या मंजू बाला ने नोडल ऑफिसर के रूप में विशेष सहयोग दिया। प्रतियोगिता के ओवरऑल इंचार्ज वीरेंद्र सिंह बीआरपी (हिंदी) रहे।

# छात्रों ने हिमाचली और तेलंगाना नृत्य की प्रस्तुती देकर मचाया धमाल

## डीसी बोले, पूरा देश एक है इसलिए श्रेष्ठ है, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में एक भारत श्रेष्ठ भारत कला उत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- उपायुक्त ने स्कूल प्रांगण में लगी कला प्रदर्शनी का भी उद्घाटन कर अवलोकन किया

डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि पूरा देश एक है। एक है तो इसलिए श्रेष्ठ है। विद्यार्थी कल का भविष्य हैं इसलिए हमें अपने बच्चों एवं विद्यार्थियों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना पैदा करनी है ताकि हम आगे भी एक रहकर अपने भारत को और आगे ले जा सकें। डीसी वीरवार को अंबाला छावनी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कला उत्सव (रिजनल) कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि छात्रों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त ने स्कूल प्रांगण में लगी कला प्रदर्शनी का भी उद्घाटन कर अवलोकन किया। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर वरूण मित्र (उपायुक्त, केवीएस गुरूग्राम संभाग) ने शिरकत की। स्कूल प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथि को पर्यावरण का प्रतीक पौधा व स्मृति चिह्न देकर उनका भव्य अभिनंदन किया।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने केंद्रीय विद्यालय द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा दूसरे राज्य की संस्कृति से ओत-प्रोत उनकी पारंपरिक वेशभूषा, रहन-सहन व अन्य दिखाने का उन्हें सुनहरा मंच प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत देश की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह एक है, श्रेष्ठ है इसलिए हमें हर भारतीय को पूरा सम्मान व अधिकार देना चाहिए। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों व अभिभावकों से आहवान किया कि वे अपने बच्चों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना पैदा करे ताकि वे भी भारत के नवनिर्माण में अपना योगदान दे सकें। विद्यार्थी देश का कल का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि हम एक हैं। एक रहकर ही देश को आगे ले जा सकते हैं। उन्होने कहा कि यहां पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा तेलगांना व हिमाचली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। उन्होंने कहा कि यहां पर विद्यार्थियों द्वारा जो प्रदर्शनी लगाई गई है वह भी बेहद सराहनीय है। विभिन्न राज्यों की जो संस्कृति है, जिसमें विशेषकर तेलगांना व अन्य है उसे यहां पर दर्शाया गया है और बच्चों द्वारा उसे प्रस्तुत करना है भी काबिलेतारीफ है।




**ये रहे मौजूद**
इस मौके पर प्राचार्य अजीत कुमार यादव, प्राचार्य अमित अरोड़ा, प्राचार्य अमन गुप्ता, चिकित्सक डॉ. जोगिंद्र सिंह के साथ-साथ अभिभावक व स्कूली स्टाफ मौजूद रहा।



**अंबाला।** सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते छात्र व डीसी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए।

# वोट चोरी के जरिए लोकतंत्र की हत्या कर रही है मोदी सरकार


**मुलाना।** पीड़ति परिवार से मुलाकात करती सांसद कुमारी सैलजा।

- सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार पर किया वार, पूर्व सरपंच सुनील सहगल के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा वीरवार को पूर्व सरपंच सुनील सहगल के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंची। उन्होंने सहगल परिवार से मिलकर गहरी संवेदनाएं प्रकट की। कहा कि सुनील सहगल का निधन पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरपंच सुनील सहगल गांव की राजनीति और सामाजिक जीवन में एक मजबूत स्तंभ माने जाते थे। सरपंच रहते हुए उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास कार्यों में विशेष योगदान दिया। सहगल हमेशा गांव के गरीब और जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। उनकी साफ-सुथरी छवि और जनहित के लिए किए गए कार्यों ने उन्हें लोगों के दिलों में अमिट स्थान दिलाया। ग्रामीण उन्हें एक निष्पक्ष, ईमानदार और जनता के सच्चे नेता के रूप में याद करते हैं। उन्होंने सहगल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी ईमानदारी और जनसेवा भाव हमेशा लोगों को प्रेरित करेगा। इस दौरान सैलजा ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। अब लोग भ्रमित नहीं होंगे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के वादे खोखले साबित हुए हैं। किसान, नौजवान और गरीब वर्ग आज बुरी तरह परेशान है। यही कारण है कि जनता अब बदलाव चाहती है।

**ये रहे मौजूद**
*इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रधान करण राणा, डॉ. राजेंद्र बुढ़ियों, रामपाल गुज्जर, लक्ष्मण दास लवनीश अग्रवाल, विजय पटवारी, जरनैल जैली, शुभम जैन, मनीष, हरजीत बिट्टू, रमेश नामसोत, सन्नी गुजराल, सरदार रंजीत सिंह, हरदीप राणा, सतीश राणा, गुरमेल सिंह, श्याम लाल, सतनाम सिंह, रामनाथ, सोनू रंगा, दिनेश गोयल, रामपाल गुर्जर, जीवन सहगल, रविंद्र राणा, जसमेर राणा, जसपाल, बिरजा राणा, रिंपल चौहान, रणदीप दादूपुर, रमेश नंबरदार , हरजीत बिट्टू, चरणदास, माया राम , जगजीत सिंह भी मौजूद रहे।*

# 75 युवाओं ने किया रक्तदान

- सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन की ओर से हर साल शिविर का होता है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

मुख्य सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन द्वारा वीरवार को सब्जी मंडी प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के प्रधान प्रवीन सहगल(कुक्कू) ने बताया कि सब्जी मंडी के स्वर्गीय श्याम लाल बिंदल, अनिल आहूजा (टीटू मार्शल), शशि भूषण(पप्पू) तथा विमल आढ़तियों की यादगार में प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में रेडक्रॉस अम्बाला शहर से आए डॉ. भारती की टीम ने 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर मौका पर पहुंची एसडीएम शिवजीत भारती तथा डीएसपी सूरज चावला ने रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनाजमंडी तथा सब्जी मंडी के आढ़तियों सहित पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी भी उपस्थित रहे। तदोपरान्त मंडी में ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रशान ग्रहण किया।


**नारायणगढ़।** रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करती एसडीएम।

# उगाड़ा के सरपंच प्रतिनिधि दर्जनों लोगों के साथ भाजपा में शामिल, पूर्व मंत्री ने करवाया शामिल

- गोयल बोले मानसून सत्र बीतने के बावजूद कांग्रेस नहीं चुन पाई नेता विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के नेतृत्व में आए दिन भाजपा मजबूत हो रही है। इसी कड़ी में वीरवार को गांव उगाड़ा के सरपंच प्रतिनिधि तरसेम सिंह अपने दर्जनों साथियों के साथ बीजेपी में शामिल हुए। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने सरपंच प्रतिनिधि सहित ग्रामीणों को बीजेपी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। इस मौके पर असीम गोयल ने नय सदस्यों का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि आज भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

दूसरी पार्टियों में भगदड़ मची है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस मुक्त अंबाला का सपना हम साकार करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र समाप्त हो चुका है। कांग्रेस इस सत्र में भी अपना नेता प्रतिपक्ष नहीं चुन पाई। इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए असीम गोयल ने तीखा हमला बोला। गोयल ने कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी अपना एलओपी नहीं चुन पाई वो अपनी मजबूती की बात छोड़ दें। ये खुद अपना नेता नहीं चुन पा रहे तो ये जनता के लिए क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सिस्टम पूरी तरह फेल है। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने मौके पर अपने आवास पर जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के आदेश दिए। जन सुनवाई के तहत यहां पर आए प्रार्थियों ने पानी निकासी , बुढापा पेंशन लगवाने, बिजली बिल व विकास कार्यों बारे अपनी बात रखी।


**अंबाला।** भाजपा में शामिल हुए लोग पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल के साथ।

# व्रत रखने से इच्छाओं व इंद्रियों पर होता है नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

संत रत्न सेवा शिरोमणि जैन संत आलोक मुनि व वाणी भूषण युवा कर्मठ संत अमन मुनि के पावन सानिध्य में वीरवार को धनौरा स्थित एसएस जैन सभागार में आयोजित पर्युषण पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सभी व्रत धारियों का सामूहिक व्रत खुलवाया गया। बता दें कि जैन संत आलोक मुनि व अमन मुनि चातुर्मास के दौरान धनौरा के एसएस जैन सभागार में विराजमान हैं। जैन संत अमन मुनि ने कहा कि पर्युषण में उपवास, ध्यान और स्वाध्याय के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन और कर्मों पर चिंतन करता है। उन्होंने कहा कि व्रत रखना इच्छाओं और इंद्रियों को नियंत्रित करने का अभ्यास है, जिससे आत्म-संयम बढ़ता है। यह पर्व जैन धर्म के मूल सिद्धांतों, जैसे अहिंसा, सत्य और संयम का पालन करने के लिए प्रेरित करता है। जैन संत ने कहा कि जैन धर्म में पर्युषण के दौरान की गई तपस्या मोक्ष (मुक्ति) की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जाती है। यहां आयोजित चातुर्मास में आयोजित पर्युषण पर्व के दौरान धर्म के खूब ठाठ लगे। जैन हो या अजैन, सभी ने खूब तपस्या की। पर्युषण पर्व के दौरान करीब100 श्रद्धालुओं ने पौषद व्रत लिया व वीरवार सुबह सभी का सामूहिक पारणा करवाया गया।


**मुलाना।** कार्यक्रम में मौजूद जैन साध्वियां व अन्य महिलाएं।

**ये रहे मौजूद**
*इस अवसर पर एसएस जैन सभा के प्रधान रोहित जैन, महामंत्री सुभाष जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, तपस्वी रीटा जैन, रीमा जैन (रिया), रजनी, श्रुति, तारो देवी, निखिल जैन, चंदन बाला , माता पद्मावती देवी , गुरु प्रेमसुख मौजूद रहे।*

# महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर के रोप-इन सेरेमनी के समापन कार्यक्रम में सुमन सैनी करेंगी शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल की पहल और नवीन जिन्दल फाउंडेशन के संचालन में चल रहे महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में पाँच दिवसीय रोप-इन सेरेमनी कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सुमन सैनी, उपाध्यक्ष हरियाणा बाल विकास परिषद पहुंच कर विद्यार्थियों को वेलकम किट वितरित करेंगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की कृष्मन सिंह सैनी ने बताया कि यह स्किल सेंटर सांसद नवीन जिन्दल की सोच और दूरदर्शी दृष्टिकोण का परिणाम है। उनका मानना है कि ह्लकुशल भारत ही सशक्त भारत की नींव हैह्व इसी दृष्टिकोण को साकार करते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र में दो अंतर्राष्ट्रीय स्किल सेंटर स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए श्रीमती सुमन सैनी जी द्वारा वृक्षारोपण भी किया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम को लेकर छात्रों और आसपास के ग्रामीणों में काफी उत्साह है। इस अवसर पर गुढा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि श्रीमती सुमन सैनी के स्वागत के लिए सभी तैयारियां हो चुकी हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।



### सेंट थॉमस स्कूल में गणेश चतुर्थी का भव्य आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** सेंट थॉमस स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति बप्पा की प्रतिमा की स्थापना एवं पूजन से हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति, उल्लास और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यालय के बच्चों ने इस अवसर पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें गणेश वंदना, भक्ति गीत और नृत्य मुख्य आकर्षण रहे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित स्कूल प्रबंधन का दिल जीत लिया और वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन संदीप मारवाह , अंजलि मारवाह, पंकज अरोड़ा कार्तिकेय मारवाह , साक्षी मारवाह, रजनी एवं स्कूल प्रधानाचार्य एवं अध्यापकगण ने भी भाग लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## असीम गोयल बोले, हर वर्ग के उत्थान के लिए नित्य नई योजनाएं क्रियान्वित कर रही सरकार

# 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' 25 से की जाएगी शुरू

- गोयल ने बताया कि 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी


पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**पहले चरण में 19-20 लाख महिलाओं को मिलेगा लाभ**

पहले चरण में लगभग 19-20 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। पूर्व राज्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार गरीबों और जरूरतमंद लोगों के हितों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए चार स्तम्भ बताए हैं जिनमें महिलाओं की भी अहम भूमिका रहेगी। महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना से निसंदेह महिलाएं और सशक्त होंगी।

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के उत्थान के लिए नित्य नई योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने बताया कि वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंत्रिमंडल के साथ बैठक कर महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' को लागू करने का निर्णय लिया। इस योजना का शुभारंभ पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर 2025 से किया जाएगा। गोयल ने बताया कि 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ प्रदेश की विवाहित और अविवाहित महिला जिनकी आयु 25 सितंबर 2025 को 23 वर्ष या उससे अधिक को मिलेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए अविवाहित महिला का या विवाहित महिला के पति प्रदेश में पिछले 15 साल से मूल निवासी होंने चाहिए। इस योजना के तहत एक परिवार में महिलाओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि यदि एक परिवार में 3 पात्र महिलाएं हैं तो उन तीनों को योजना का लाभ मिलेगा। सरकार द्वारा पहले से चलाई जा रही ऐसी 9 योजनाओं जिनमें आवेदिका को पहले से ही अधिक राशि की पेंशन का लाभ मिल रहा है उन्हें लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। स्टेज 3 और 4 कैंसर पीड़ित मरीजों (महिलाओं), सूचीबद्ध 54 दुर्लभ बीमारियों, हिमोफीलिया, थैलेसीमिया और सिकल सेल से पीड़ित महिलाएं मरीज जिन्हें पहले से पेंशन मिल रही है इन महिलाओं को इस योजना का भी अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिस दिन कोई अविवाहित लाभार्थी 45 वर्ष की आयु पूरा करेगी उस दिन वे ऑटोमैटिक विधवा और निराश्रित महिला को वित्तीय सहायता योजना के लिए पात्र हों जाएंगी। इसी तरह जिस दिन लाभार्थी महिला 60 वर्ष की आयु की होगी उस दिन वे ऑटोमैटिक वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन योजना के लिए पात्र हो जाएंगी।